# प्रेस नोट

# जनपद सीतापुर

## पुलिस द्वारा12 वर्षीय बच्चे को किया परिजन के सुपुर्द

दिनांक 13.10.2021

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद में महिला/बालकों सम्बन्धी अपराधों की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए घटनाओं को रोकनें/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही व अपहृता/गुमशुदा की शीघ्र सकुशल बरामदगी हेतु जनपद पुलिस को निर्देश दिये गये थे।

दिनांक 11.10.2021 को ग्राम क्योटाना थाना सकरन में एक 12 वर्षीय लावारिस बच्चे की रास्ते में भटकने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना सकरन की पीआरवी 1813 द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर उक्त बच्चे के विषय में जानकारी की गयी परन्तु कोई भी लाभप्रद जानकारी प्राप्त नही हो पायी। तत्पश्चात उक्त बच्चे को पीआरवी द्वारा थाने लाया गया तथा महिला आरक्षी कुसुम निषाद की देखरेख में रखा गया। थाना पुलिस द्वारा बच्चे के परिजनों की जानकारी करने हेतु सोशल मीडिया, दूरभाष तथा अन्य उपलब्ध साधनों की सहायता ली गयी। फलस्वरूप आज दिनांक 13.10.2021 को बच्चे के पिता के विषय में श्री कमलेश कुमार पुत्र विश्राम भार्गव उम्र 35 वर्ष नि0 राय मड़ोर थाना तम्बौर के रूप में जानकारी हुई। श्री कमलेश उपरोक्त से सम्पर्क करके उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि गुमशुदा बालक उनका ही पुत्र है जिसका नाम रितेश कुमार उम्र 12 वर्ष है जो जन्म से ही बोल पाने में अक्षम है। बच्चे के पिता श्री कमलेश तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य आज थाना उपस्थित आए जिनकी मौजूदगी में गुमशुदा रितेश उपरोक्त को सकुशल उसके पिता सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा किये गये कार्य की परिजन द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

**पुलिस टीमः-**

1. SO पुष्पराज कुशवाहा
2. का0 अवधेश बहादुर सिंह
3. म0का0 प्रतिभा वर्मा
4. म0का0 कुसुम निषाद
5. पीआरवी 1813 टीम थाना सकरन

